SANDIPANI ACADEMY

Gram - Achhoti, Post- Murmunda,
Via- Dhamdha, Dist.- Durg (C.G.) 490036
Phone : +91 78212 99288
Mobile : +91 9300008230

# SAVE BIRDS CAMPAIGN

**Activity Name- Save Birds Campaign**
**Date/ Vanue- 20/04/2022-05/05/2022, Sandipani Academy, Achhoti (Durg)**

## पक्षियों की सुरक्षा के लिए सांदीपनी एकेडमी ने प्रारंभ किया बचाव अभियान, सार्थक पहल




कुम्हारी एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में गर्मी की तीखी तपन ने जनजीवन को प्रभावित किया ही है, साथ ही साथ निरीह, मूक पशु पक्षियों को भी जिजीविषा से द्वन्द्व करना प्रारंभ कर दिया है, तापमान 43, की वृद्धि से आगे निकलने के लिए अग्रसर है। गर्मी से व्याकुल हो रहे पक्षियों की ओर मानवीय संवेदना से परिपूर्ण सांदीपनी एकेडमी अछोटी-मुरमुंदा (दुर्ग) द्वारा ग्राम गोढ़ी, अछोटी, मुरमुंदा, कंडरका, बोरसी आदि गांवों में पक्षियों का बचाव अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का आरंभ संस्था द्वारा 20 अप्रैल को ग्राम गोढ़ी के ग्रामवासियों को मिट्टी का सकोरा प्रदान करके किया गया। जिसमें बी.एड. चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों द्वारा ग्रामवासियों को जागरूक किया गया कि गर्मी के दिनों में हम अपने छत पर या आंगन में सकोरा में पानी भरकर एवम एक मुट्ठी दाना डालकर रखें, ताकि पक्षियों को गर्मी के दिनों में पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो सके और अपनी प्यास बुझा सकें। पक्षियों को आज बचाओगे, सुनहरी प्रकृति तुम कल पाओगे। जैसे प्रेरक विचार लेकर कर इस भीषण गर्मी में पक्षियों को बचाने के लिए जागरूकता अभियान आसपास के गांवों में आगे भी चलाया जा रहा है। कार्यक्रम का कुशल आयोजन विनोद साहू (सहायक प्राध्यापक) शिखा चंद्राकर (सहायक प्राध्यापिका) द्वारा संपन्न कराया गया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु संस्था के निर्देशक महेंद चौबे, प्रशासनिक अधिकारी विनीत चौबे, विभागाध्यक्ष- डॉ. संध्या पुजारी, मुख्य सलाहकार डॉ. आभा दुबे एवं संस्था के समस्त स्टाफ का विशेष उल्लेखनीय योगदान रहा।

## सांदीपनी एकेडमी ने ग्राम अछोटी के ग्रामवासियों को मिट्टी का सकोरा प्रदान किया

**रायपुर/ भारत भास्कर**



सांदीपनी एकेडमी अछोटी मुरमुंदा (दुर्ग) में दिनांक 20/04/2022 से आस पास के ग्रामों में मूक प्राणियों को इस भीषण गर्मी से बचाने जन जागरूकता अभियान आरंभ किया गया. ग्राम गोढ़ी, अछोटी, मुरमुंदा, कंडरका, बोरसी आदि गांवों में पक्षियों को पीने का पानी उपलब्ध कराने इस अभियान चलाया जा रहा है आज दिनांक 05/05/22 को ग्राम अछोटी के ग्रामवासियों को मिट्टी का सकोरा प्रदान किया गया जिसमें (शिक्षा विभाग )के विद्यार्थियों द्वारा ग्रामवासियों के घर घर जाकर सौजन्य भेंट कर ग्रामवासियों को जागरूक करने का प्रयास किया गया कि गर्मी के दिनों में हम अपने छत पर या आंगन और वृक्षों के पास सकोरे में पानी भरकर एवं एक मुट्ठी अनाज का दाना डालकर रखें ताकि पक्षियों को गर्मी के दिनों में पानी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हो सके और वो अपनी प्यास बुझा सकें। प्राणियों को आज बचाओगे, सुनहरी प्रकृति तुम कल पाओगे के विचार के साथ इस भीषण गर्मी में मूक पशु पक्षियों को बचाने के लिए जागरूकता अभियान के इस आरंभिक पहल को ग्रामवासियों का अच्छा समर्थन प्राप्त हो रहा है. ग्राम अछोटी के प्रबुध्द ग्रामीणों ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए बताया कि अपने स्थापना के समय से ही सांदीपनी एकेडमी सामाजिक,सांस्कृतिक, मानवीय तथा विभिन्न संवेदनशील विषयों पर हम ग्रामवासियों का मार्गदर्शन कर रहा है.ग्रामवासियों ने इस अभियान को अपना दायित्व समझकर आगे बढ़ाने तथा सहयोग करने का भी संकल्प लिया. जन जागरूकता कार्यक्रमों को आसपास के गांवों में आगे भी चलाया जाता रहेगा । कार्यक्रम का कुशल आयोजन श्री विनोद साहू (सहायक प्राध्यापक )सुश्री ममता ध्रुव एवं श्री विपिन तंबोली( सहायक प्राध्यापक) द्वारा संपन्न कराया गया। इस कार्यक्रम के प्रभावी आयोजन हेतु संस्था के निर्देशक आदरणीय श्री महेंद चौबे प्रशासनिक अधिकारी श्री विनीत चौबे, विभागाध्यक्ष- डॉ. संध्या पुजारी, मुख्य सलाहकार डॉ.- आभा दुबे एवं संस्था के समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

SANDIPANI ACADEMY

Gram - Achhoti, Post- Murmunda,
Via- Dhamdha, Dist.- Durg (C.G.) 490036
Phone : +91 78212 99288
Mobile : +91 9300008230

# TIRANGA IN EVERY HOME CAMPAIGN

**Activity Name- Tirsnga in every home campaign**
**Date/ Vanue- 10-14/08/2022, Sandipani Academy, Achhoti (Durg)**



हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत मुरमुंदा चौक में तिरंगा झंडा का वितरण किया गया

SANDIPANI ACADEMY

Gram - Achhoti, Post- Murmunda,
Via- Dhamdha, Dist.- Durg (C.G.) 490036
Phone : +91 78212 99288
Mobile : +91 9300008230

# WOMEN AWAIRNESS CAMPAIGN

**Activity Name- Women awairness campaign**
**Date/ Vanue- 13/08/2022, Sandipani Academy, Achhoti (Durg)**

## विद्यार्थियों ने भ्रमण कर महिला जागरूकता का प्रयास किया



धमधा। मुरमुंदा शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों द्वारा ग्राम अछोटी में पथ भ्रमण कर महिला जागरूकता कार्यक्रम के तहत जनजागृति उत्पन्न करने का प्रयास किया गया। संदीपनी एकेडमी अछोटी, मुरमुंदा (दुर्ग) पथ भ्रमण के अन्तर्गत गाँव के प्रमुख चौक चौराहे में नारे लगाकर, स्लोगन वाक्य, पोस्टर तथा बैनर के माध्यम से बदलते परिवेश में समाज की प्रगति में महिलाओं की भूमिका एवं महत्व पर लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया गया तथा महिलाओं को शिक्षा के साथ साथ आजीविका और स्व सहायता समुहों, निजी घरेलू उद्यमों के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण और सामाजिक दायित्वों के कुशल निर्वहन के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रमुख तथा अनेक गणमान्य ग्रामीण उपस्थित थे। संस्था की ओर से शिक्षा विभाग के विद्यार्थियों का कुशल मार्गदर्शन सहायक प्राध्यापक विनोद साहू तथा ममता कौशरिया (सहायक प्रध्यापक) ने किया सफल कार्यक्रम हेतु संस्था के प्रशासनिक अधिकारी विनीत चौबे, विभागाध्यक्ष-डॉ. संध्या पुजारी, मुख्य सलाहकार डॉ.-आभा दुबे एवं संस्था के समस्त स्टाफ द्वारा मार्गदर्शकों एवं विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी गई।

SANDIPANI ACADEMY

Gram - Achhoti, Post- Murmunda,
Via- Dhamdha, Dist.- Durg (C.G.) 490036
Phone : +91 78212 99288
Mobile : +91 9300008230

# AIDS AWAIRNESS CAMPAIGN

**Activity Name- Aids awairness campaign(World aids day)**
**Date/ Vanue- 01/12/2021, Sandipani Academy, Achhoti (Durg)**



सांदीपनी एकेडमी अछोटी के नर्सिंग विभाग द्वारा

## विश्व एड्स दिवस- 2021 के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन

SANDIPANI ACADEMY
Gram - Achhoti, Post- Murmunda,
Via- Dhamdha, Dist.- Durg (C.G.) 490036
Phone : +91 78212 99288
Mobile : +91 9300008230

# RESEARCH IN NEW AGRICULTURE FORMULA

**Activity Name- Research in new agriculture formula**
**Date/ Vanue- 03/05/2022, Sandipani Academy, Achhoti (Durg)**

दुर्ग संभाग 07

## नवीन कृषि पद्धति पर सांदीपनी एकेडमी अछोटी दुर्ग के विद्यार्थियों द्वारा लघु शोध

पायनियर संवाददाता < धमधा/मुरमुंदा
www.dailypioneer.com



प्रस्तुत लघु शोध प्रबंध में दुर्ग जिले के धमधा विकासखण्ड में नवीन कृषि पद्धति का कृषि उत्पादन एवं कृषकों पर प्रभाव का अध्ययन किया गया. पाँच अध्यायों में विभाजित इस अध्ययन में विषय की भूमिका, साहित्यों का अध्ययन, प्रदेश की भौगोलिक स्थिति तथा कृषि के इतिहास का विश्लेषण करते हुए जनगणना संबंधित आंकड़े तथा का प्रयोग व्यक्तिगत सर्वेक्षण से प्राप्त आंकड़ों का अध्ययन किया गया। प्रस्तुत शोध अध्ययन के पश्चात् निम्न निष्कर्ष प्राप्त हुये : चयनित कुल कृषकों में 97% कृषकों के पास सिंचित भूमि तथा 03% कृषक के पास असिंचित भूमि उपलब्ध है। चयनित न्यादर्श क्षेत्र में सीमांत कृषक 84% अर्द्धमध्यम कृषक 10%, मध्यम कृषक 045% तथा कृषक 02% पाया गया। चयनित कुल 100 कृषकों में से 53% मिश्रित पध्दति से कृषि कार्य में संलग्न है जबकि आधुनिक पद्धति से 47% ही कृषि कार्य में कार्यरत है। कुल चयनित 100 कृषकों में से कृषक परम्परागत कृषि उपकरणों का उपयोग जिसमें से हल का उपयोग 48% कृषक उपयोग में लाते है तथा कोपर का उपयोग 41% कृषक परिवार इनका उपयोग करते है। जबकि बेलन का उपयोग 29% कृषक उपयोग में लाते है, कलारी उवं उड़ानी पंखा का उपयोग 9% कृषकों द्वारा इस उपकरणों का उपयोग करते है। सर्वेक्षित कृषकों में बोआई विधि में 83% कृषक परिवार [illegible] से कृषि कार्य करते है तथा [illegible] ई वि[illegible] से कृषि कार्य करते [illegible] सर्वेक्षित कृषकों में 82% कृषक एक फसल लेते है एवं 18% कृषक दो फसल लेते हैं तथा यहाँ के कृषकों द्वारा तीन फसल से कृषि नही किया जाता है। चयनित न्यादर्श कृषक परिवारों द्वारा 88व कृषक सहकारी समितियों द्वारा प्रदत्त बीजों का प्रयोग करते हैं जबकि 12% कृषक सहकारी समितियों के बीजों का प्रयोग नहीं करते है। सर्वेक्षण में चयनित कुल 100त कृषकों में से 18% कृषक सहकारी समितियों द्वारा रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग करते है तथा 19% कृषक परिवार द्वारा रासायनिक उर्वरकों का प्रयोग नही करते है।

## कबीरधाम में मंत्री अकबर से प्रभावित होकर निर्दलीय पार्षद सहित अन्य का कांग्रेस प्रवेश

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



केबिनेट मंत्री मोहम्मद अकबर के समक्ष कवर्धा नगर पालिका परिषद की वार्ड 11 ...

समर्पण और मेहनत से काफी प्रभावित है वो लगातार कबीरधाम के विकास के बारे में सोचते रहते है ,कबीरधामवासी ...

SANDIPANI ACADEMY

Gram - Achhoti, Post- Murmunda,
Via- Dhamdha, Dist.- Durg (C.G.) 490036
Phone : +91 78212 99288
Mobile : +91 9300008230

# BREST FEADING AWAIRNESS

**Activity Name- Brest feading awairness**
**Date/ Vanue- 07/08/2022, Sandipani Academy, Achhoti (Durg)**



रायपुर/ भारत भास्कर

हर घर तिरंगा अभियान से स्वमेव जुड़ रहे देशवासी–शगुफ्ता शीरीन

छत्तीसगढ़ में स्वाईन फ्लू से हुई बच्ची की मौत अब तक राज्य में 28 मरीज संक्रमित

बिगड़ती स्वास्...

जनता की ... कहां गायब...

- बस्तर के आदिवासी मर रहे हैं, स्वाइन फ्लू, डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड,कोरोना संभल नहीं रहा स्वास्थ्य मंत्री लापता– भाजपा

सांदीपनी एकेडमी के द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन

विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन

शासन आदिवासियों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए कर रही कार्य–मुख्यमंत्री भूपेश बघेल

- शासन द्वारा बरसों से काबीज आदिवासियों को दिया जा रहा जमीन का मालिकाना हक